साढ़ू ने गला दबाकर की थी युवक की हत्या

नाले में बोरे में लिपटी लाश मिलने का शिप्रापथ पुलिस ने खुलासा किया

जयपुर । शिप्रा पथ इलाक में सीके बिरला अस्पताल के पास 13 अक्टूबर को नाले में बोरे में लिपटी लाश मिलने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकडा है। पुलिस के अनुसार मृतक के साढ़ू भाई ने ही उसकी हत्या की थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक अपने साढ़ू भाई की नाबालिग बेटी पर गंदी नजर रखता था। जिसके चलते आरोपित ने मौका मिलते ही पैर से गला दबाकर हत्या कर दी। फिर बोरे में शव बांधकर नाले में फेंक दिया। पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा गूगल लेंस की मदद से किया। इसके जरिए पुलिस मृतक की पहचान कर एक हजार किलोमीटर दूर पहुंची।

कार्यवाहक पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण देवेन्द्र विश्नोई ने बताया कि शिप्रा पथ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 अक्टूबर को सीके बिरला अस्पताल के पास नाले में बोरे में लिपटी लाश मिलने के मामले में जनक बहादुर कठायत (34) पुत्र जगत बहादुर निवासी कैलाली नेपाल को गिरफ्तार किया है। वह पिछले करीब 5 साल से जयपुर में दुर्गापुरा के नालंदा विहार में किराए से परिवार सहित रहकर कार साफ करने का काम करता है।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी मानसरोवर) आदित्य काकड़े ने बताया कि 13 अक्टूबर को शिप्रापथ इलाके में सीके बिरला

- **नाबालिग बेटी पर बुरी नजर रखने के कारण गुस्सा होकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया**

हॉस्पिटल के पीछे नाले में लाश मिली थी। नाले में पानी पर आई लाश दिखने पर लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस ने जेसीबी की मदद से नाले से शव को बाहर निकाला। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में युवक की हत्या कर नाले में शव फेंकने का पता चला। लाश की पहचान कर पाना पुलिस के चुनौतीपूर्ण था। मृतक के कपडों के आधार पर पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने मृतक की पेंट के पीछे लगे टेलर नयन के लोगो को गूगल लेंस से सर्च किया। इंडिया में इस नाम के पचास से अधिक टेलर्स की जानकारी मिली। गूगल से सम्पर्क नंबर निकालकर सभी टेलर्स से सम्पर्क किया गया।

इस पर पुलिस ने सभी से संपर्क कर वॉट्सऐप पर उनके लोगों को मंगवाए और मृतक की पेंट पर मिले लोगो का मिलान किया। 900 किलोमीटर दूर गुजरात के जामनगर स्थित एक टेलर का लोगो मैच हुआ। लोगो के साथ ही पेंट की फोटो भेजने पर दुकान पर काम करने वाले एक टेलर ने खुद की सिलाई होना बताया। मृतक की सड़ी-गली लाश की फोटो भेजने पर टेलर ने आस-पडौसियों की मदद ली। इस पर 18 अक्टूबर को मृतक की पहचान तपेंद्र बहादुर के रूप में होना बताया। परिवार के साथ जयपुर में ही रहना की बात सामने आई। एसीपी आदित्य ने बताया कि मृतक तपेन्द्र (40) मूलत: नेपाल का रहने वाला था। करीब एक महीने पहले ही तपेन्द्र अपनी पत्नी नबीना और तीनों बच्चों को लेकर जयपुर आया था। त्रिवेणी नगर गोपालपुरा बाईपास के पास किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहने लगा। तपेन्द्र यहां रहकर कार वाशिंग का काम करने लगा। उसकी पत्नी एक व्यवसायी के घर पर आया का काम करने लगी। नौकरी पर जाने के दौरान पति-पत्नी अपने तीनों बच्चों को पास ही रहने वाले साढ़ू जनक बहादुर कठायत के घर पर छोड़ जाते थे।

थानाधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि आठ अक्टूबर को पत्नी नबीना अपनी मालकिन के साथ अलवर चली गई थी। नौकरी खत्म होने के बाद तपेंद्र साढ़ू के घर से अपने बच्चों को लेने जाता था। गत 10 अक्टूबर की शाम तपेन्द्र शराब के नशे में बच्चों को लेने साढ़ू जनक बहादुर के घर पहुंचा। घर पहुंचने पर साढ़ू की नाबालिग बेटी पर तपेन्द्र गंदी नजर डालने लगा। नाबालिग बेटी ने मौसा की हरकतों को देखकर तुरंत अपने पिता जनक को मोबाइल कॉल पर जानकारी दी। गुस्से में घर लौटे जनक के पहुंचने पर तपेंद्र की गलत नजर से देखता हुआ मिला।

थानाधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि आरोपी जनक ने गुस्से में तपेंद्र को लात-घूसों से जमकर पीटा। मारपीट के बाद जमीन पर पड़े तपेंद्र के गले पर खड़े होकर पैर रखकर दबा दिया। तपेन्द्र की सांस बंद होने तक जनक ने अपने पैर से गला दबाए रखा। तपेंद्र को मारने के बाद कमरे में लाश को छोड़कर रात होने का इंतजार करने लगा। इसके बाद अपने साथी को घर बुलाकर तपेंद्र के शव को एक बोरे में डालकर बांधा और रात के अंधेरे में करीब डेढ़ किमी दूर सीके बिरला हॉस्पिटल के पीछे नाले में लाश को फेंक दी। इसके बाद 17 अक्टूबर को मालकिन के साथ मृतक की पत्नी नबीना भी जयपुर आ गई थी और 18 अक्टूबर घर पहुंची नबीना को नाले में मिलने के दौरान फोटो दिखाने पर उसके पति की होना बताया। मृतक की पहचान तपेंद्र के रूप में होने पर परिजन-रिश्तेदारों से पूछताछ की गई। साढ़ू भाई के बदले हाव-भाव को देखकर शक होने पर पुलिस पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ में आरोपी जनक बहादुर ने साढ़ू भाई तपेन्द्र की हत्या कर बोरे में बांधकर शव को स्कूटी से नाले में फेंकना स्वीकार किया। पुलिस शव को फेंकने के दौरान उसकी मदद करने वाले साथी की तलाश कर रही है।

दुबई-जयपुर फ्लाइट में बम की धमकी

जयपुर । फ्लाइट में बम की धमकी के मेल लगातार मिलने का सिलसिले जारी है। इसी के चलते शुक्रवार- शनिवार की मध्य रात्रि को फिर एक और इंटरनेशनल फ्लाइट में बम की सूचना मिलने का ईमेल मिलने के बाद हडकंप मच गया। जहां जयपुर एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई और लैंडिंग के बाद सुरक्षा बलों ने गहनता से विमान की जांच की।

विमान की गहनता से जांच करने पर संदिग्ध कुछ भी नहीं पाया गया। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। जयपुर एयरपोर्ट थानाधिकारी संदीप बसेड़ा के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि को दुबई से जयपुर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट संख्या -196 में बम की धमकी भरा ईमेल दिल्ली हेडक्वार्टर को मिला था। यह सूचना जयपुर एयरपोर्ट को दी गई। इसके बाद हडकंप मच गया। सूचना मिलने के बाद जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन अलर्ट हो गया और फूल इमरजेंसी में दुबई से जयपुर आने वाली इंटरनेशनल फ्लाइट की लेंडिंग कराई गई। लैंडिंग के बाद सुरक्षा बलों ने गहनता से विमान की जांच की। विमान की गहनता से जांच करने पर संदिग्ध कुछ भी नहीं पाया गया।

दीपावली मेले का आयोजन 21 से 27 अक्टूबर तक

जयपुर । ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने बताया कि राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा 21 से 27 अक्टूबर तक 'दीपावली मेले' का आयोजन इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान परिसर, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर में किया जायेगा।

इस दीपावली मेले में प्रदेश के लगभग 70 से 80 स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य, अपने उत्पादों को प्रदर्शित एवं विक्रय करेंगी एवं हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम, खाद्य एवं उन्नत तकनीक से बने हुए उत्पादों को प्रदर्शित भी किया जाएगा। ऐसे मेले महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को विक्रय करने के लिए उन्नत मंच उपलब्ध करवाते है, जहां ये महिलाएं अपने द्वारा बनाये गये उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त करती हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग ने बताया कि लोगों द्वारा इस मेले में ग्रामीण उत्पादों के लिए खासा उत्साह देखने का मिलता है। सौंदर्यता से ओतप्रोत सभी जिलों की संस्कृति, परिधान, भाषा एवं पारंपरिक उत्पादों के बेजोड़ नमूने इस मेले में देखने को मिलेंगे। मेले में राजस्थान की ब्लू पोटरी, कोटा डोरिया, लोहे के सामान, रोज प्रोडक्ट्स, लाख की चूड़ियां, आचार, नमकीन , मंगोड़ी, पापड, टेरा कोटा, जूट के उत्पाद, बाजरे के उत्पाद, सांगानेरी प्रिंट, कैर सांगरी, कसूरी मेथी, पेपर प्रोडक्ट्स, तीर कमान, सॉफ्ट टॉयज और राजस्थानी जूतियाँ मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहती है। उन्होने बताया कि राजीविका, ग्रामीण विकास विभाग के तहत ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में संगठित कर उनको प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता से आजीविका संवर्धन करती है।

40 किलो गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

जयपुर । ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत विधायकपुरी और सदर इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले तीन सप्लायरों को पकड़ा है और उनके पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा 40 किलो 190 ग्राम एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन एक ऑटो बरामद किया है। आरोपित गांजा कूच बिहार, पश्चिम बंगाल से लाकर जयपुर में सप्लाई करते है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने विधायकपुरी एवं सदर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए गांजा की तस्करी करने वाले दुलाल राय निवासी दिल्ली हाल जवाहर नगर जयपुर, विष्णु राय निवासी पुंडीबडी जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल और संजय बर्मन निवासी कूच बिहार जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया है।

करवाचौथ व्रत को लेकर महिलाओं में श्रृंगार को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। शनिवार को विद्याधर नगर में 800 से अधिक महिलाओं ने अपने हाथों पर मेहंदी रचाई। फोटो : दिनेश भारद्वाज

शास्त्री नगर में 4500 किलो मिलावटी मसाले जब्त किए

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर प्रदेश में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में शनिवार को मसाला बनाने वाली फर्म पर कार्रवाई कर 4500 किलो मसाले सीज किए गए।

संयुक्त आयुक्त डॉ. एसएन धौलपुरिया ने बताया कि जयपुर के शास्त्री नगर में गणेश ट्रेडिंग कंपनी पर केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई। मौके से मिलावट के संदेह के आधार पर मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर के नमूने लिए गए हैं। इस दौरान 4500 किलो मसाले जब्त किए गए हैं। दीपावली के त्योहार के तहत मिलावट की रोकथाम के लिए संचालित विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

जे.डी.ए. हटाएगा 12 मुख्य सड़कों से अतिक्रमण

जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण सचिव निशांत जैन की अध्यक्षता में शनिवार को मंथन सभागार में सभी प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों को जयपुर शहर में संचालित कोचिंग इंस्टीट्यूट के संबंध में जेडीए से संबंधित बिंदुओं की जांच करने के निर्देश दिये।

इसके अलावा अतिक्रमणों के कारण शहर की जिन 12 प्रमुख मार्ग पर सड़क निर्माण संभव नहीं हो पा रहा, वहां भी प्रवर्तन शाखा 31 अक्टूबर तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटायेगी। निशांत जैन ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में भूमि आवंटन के प्रकरणों को 15 नवम्बर तक निस्तारित करने के लिए कहा। उन्होंने आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन प्रकरणों की पैंडेंसी शून्य करने के लिए कहा। राइजिंग राजस्थान समिट से पहले आवश्यक सुधारीकरण व मरम्मत करार्य करवाने, मीडियन में पेड़ लगवाने, रोड पेच वर्क और साफ-सफाई, आवश्यक स्थानों पर लाईटिंग करवाने को कहा।

जवाहर कला केन्द्र में छाया लोक कला का श्रृंगार

जवाहर कला केन्द्र में आयोजित 27वें लोकरंग महोत्सव में शनिवार को कलाकारों ने चरी नृत्य की प्रस्तुति से वाहवाही बटोरी।

जयपुर । जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित 27वें लोकरंग महोत्सव का शनिवार को दूसरा दिन रहा। शिल्पग्राम में लगे मेले में आगंतुकों ने दस्तकारों के हुनर को सराहा और मुख्य मंच पर लोक गायन, चरी, घूमर, गरासिया, चकरी कालबेलिया, भवाई, लोकनाट्यय, मांड गायन की प्रस्तुति हुई। मध्यवर्ती के मंच पर ओडिशा, राजस्थान, मिजोरम, जम्मू, उत्तराखंड और हरियाणा के कलाकारों ने मनोरम प्रस्तुतियां दी। गायन सभा में लोक गायन की सुरीली प्रस्तुति हुई। मध्यवर्ती के मंच पर ओडिशा के कलाकारों ने ढोल की घमक के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चरी में ज्योत जलाकर राजस्थान के कलाकारों ने चरी नृत्य पेश किया। मिजोरम के कलाकारों ने चैरो नृत्य की प्रस्तुति दी। आमजन में बैंबू डांस के नाम से प्रसिद्ध यह नृत्य मिजो समुदाय में फसल कटाई, विवाह व अन्य उत्सवों में किया जाता है।

परिचित ने किया युवती से दुष्कर्म

जयपुर । बिंदायका इलाके में परिचित युवक द्वारा एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मिलने के बहाने आए परिचित ने घर में अकेला पाकर दुष्कर्म किया। ब्लैकमेल कर उसके अश्लील फोटोज को वायरल कर दिया। इस संबंध में थाने में पीडिता ने आरोपी परिचित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। बिंदायका निवासी चालीस वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण आरोपी मुकेश कुमावत से उसकी बातचीत है। जुलाई-2024 में उसका परिवार गांव गया था। वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि परिचित मुकेश कुमावत मिलने के बहाने उसके घर आया। घर में अकेला पाकर आरोपी मुकेश ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। उसके अश्लील फोटोज भी खींच लिए। इसके बाद दोबारा मौका मिलने पर अश्लील फोटो से ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। कुछ दिनों पहले आरोपी मुकेश ने अश्लील फोटो को वायरल कर दिया।

एन.एल.एम. के राष्ट्रीय दल ने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति पर साझा किए अनुभव

योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर नवाचार और आवश्यक सुधार की कार्यवाही होती रहेगी : डॉ. समित शर्मा

जयपुर (कासं)। पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को टोंक रोड स्थित राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के सभागार में अनुभव आदान-प्रदान के लिए बैठक का आयोजन हुआ। पशुपालन और डेयरी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं के मूल्यांकन के लिए आए राष्ट्रीय दल के सदस्यों ने इस अवसर पर क्षेत्र भ्रमण के अपने अनुभव साझा किए।

विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि दल के सदस्यों ने भारत सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं विशेषकर राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रगति और क्रियान्वयन के संबंध में चार जिलों का दौरा कर स्थानीय अधिकारियों, पशुपालकों एवं अन्य लाभार्थियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जिलों के

पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को टोंक रोड स्थित राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के सभागार में अनुभव आदान-प्रदान के लिए बैठक आयोजित की गई।

विभिन्न स्तर के पशु चिकित्सा केंद्रों का अवलोकन कर वहां दवाइयों उपकरणों और अन्य सुविधाओं का भी जायजा लिया। डॉ शर्मा ने बताया कि दल के सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए राज्य में विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ सुझाव दिए हैं जिससे योजनाओं की क्रियान्विति और सुचारू तथा बेहतर हो सके। विभाग ने उनके सुझावों को नोट कर लिया है और शीघ्र ही उन पर अमल भी शुरु हो जाएगा। डॉ शर्मा ने बताया कि दल के सदस्यों ने मोबाइल वेटरिनरी यूनिट और कॉल सेंटर 1962 की सराहना करते हुए इसके और अधिक प्रचार प्रसार पर बल दिया है जिससे अधिक से अधिक लोग इसका भरपूर लाभ ले सकें और इसका मकसद पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर नवाचार और आवश्यक सुधार की कार्यवाही होती रहेगी।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय दल के सदस्यों ने एक सप्ताह के राज्य के अपने दौरे में चार जिलों अलवर, सीकर, जोधपुर और कोटा का दौरा किया और केंद्र प्रवर्तित योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए किए जा रहे विभाग के प्रयासों की सराहना की।

बैठक में राष्ट्रीय दल के, डॉ. एम.टी.मंजूनाथ, डॉ. माधवराव और डॉ. सुनील रौतमोरे, डॉ.भवानी सिंह राठौड़, निदेशक पशुपालन विभाग, डॉ. आनंद सेजरा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड तथा सभी योजना प्रभारी और राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के अधिकारी उपस्थित थे।

बुजुर्ग महिला का सोने का कड़ा लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । श्याम नगर पुलिस ने बुजुर्ग महिला का सोने का कड़ा लूटने वाले बदमाश सहित कड़ा खरीदने वाले सुनार को गिरफ्तार किया है। दोनों से शहर में हुई अन्य लूट की वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी दलवीर सिंह ने बताया कि गैंग के मुख्य सरगना सन्नी गुजराती निवासी बाबा रामदेव नगर कच्ची बस्ती गुर्जर की थडी न्यू सांगानेर रोड और चोरी का माल खरीदने वाले सुनार पवन शर्मा निवासी कटेवा नगर न्यू सांगानेर रोड को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पवन शर्मा को गिरफ्तार कर लूटा गया सामान गलाया हुआ सोने का कड़ा रिकवर किया।

इसके अलावा पुलिस ने आरोपी का ऑटो रिक्शा जब्त किया। आरोपी लुटेरा सन्नी गुजराती पुलिस टीम को देखकर बचने के लिए भागने का प्रयास किया। इस दौरान वह गिरा और उसके पैर में चोट लग गई।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित सन्नी गुजराती के खिलाफ जयपुर शहर के विभिन्न थानों में लगभग एक दर्जन प्रकरण दर्ज हैं। गौरतलब है कि 14 अक्टूबर

- **श्याम नगर थाना पुलिस ने किया वारदात का खुलासा**
- **पुलिस ने आरोपी से चोरी का कड़ा खरीदने वाले सुनार को भी दबोचा**

को अविनाश अग्रवाल ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसकी मां पुष्पलता अग्रवाल (78)सोडाला से घर के लिए ऑटो रिक्शा में बैठ कर आ रही थी। ऑटो-रिक्शा वाला उनको जबरदस्ती न्यू सांगानेर रोड की तरफ ले गया। पुष्पलता के कहने पर भी वह नहीं रुका और आगे जाकर मेट्रो स्टेशन श्याम नगर के पास जबरदस्ती सामान सहित नीचे उतार दिया।

इस दौरान आरोपी ने महिला का हाथ खींच कर हाथ में सोने का कड़ा जिसका वजन लगभग 1.75 तोला था, उतार लिया। इसके बाद ऑटो रिक्शा लेकर भाग गया। अविनाश अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई।

सार-समाचार

वाणी जैन व संदीप छीपा सम्मानित

जयपुर (कासं)। इंटरनेशनल ह्युमन राइट्स एवं वेलफेयर एसोसिएशन दिल्ली एवं मानवता और परोपकार के लिए समर्पित "होप आशा की एक नई किरण" संस्था के संयुक्त तत्वाधान में भारत के कोहिनूर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वेश शर्मा एवं विशेष अतिथि दिल्ली पुलिस के ए.एस.आई. विमलेश सिरोही व नीलम शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में देशभर की 51 विभूतियों का विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर जयपुर कि शतरंज खिलाड़ी वनी जैन और दौसा के युवा चित्रकार राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सूरज सिंह महावर (सूरज आर्ट दौसा) एवं सामाजिक कार्यकर्ता संदीप छीपा को "भारत के कोहिनूर 2024" अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समान पात्रता परीक्षा 22 से 24 तक

जयपुर । राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आगामी 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024 को समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर के 150 केन्द्रों पर होगा। छह पारियों में (प्रथम पारी प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक) आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 3 लाख 11 हजार 333 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 20 अक्टूबर एवं 24 अक्टूबर, 2024 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 20 अक्टूबर एवं 21 अक्टूबर 2024 तक प्रात: 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024 को को प्रात: 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए प्रत्येक पारी में 77 उप समन्वयक एवं 29 उड़नदस्तों का तैनाती की गई है।

औचक निरीक्षण के लिए टीम गठित

जयपुर । खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि दीपावली के त्यौहार पर मिठाई, सूखे मेवे बेकरी उत्पाद के साथ डिब्बा तोलने, कम माप-तोल एवं पैकेजिंग नियमों के तय मापदंडों की अवहेलना करने की रोकथाम के लिए 21 से 30 अक्टूबर तक कंज्यूमर केयर विशेष अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि इस अभियान के दौरान विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 व इसके अंतर्गत बनाये गए नियमों के तहत निरीक्षण कार्यवाही के लिए विधिक माप विज्ञान अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी एवं निरीक्षकों का संयुक्त जांच दल गठित किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच दल राज्य स्तर, संभाग मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित किये गए है।ये जांच दल अतिरिक्त खाद्य आयुक्त एवं पदेन नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान अधिकारी के नियंत्रण एवं निर्देशन में निरंतर औचक निरीक्षण कर कार्यवाही करेंगे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा राज्य हेल्पलाइन 18001806030, व्हाट्सएप नम्बर 7230086030 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा राज्य मुख्यालय पर एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नम्बर 0141--2209756 हैं।

चलती कार में लगी आग

जयपुर । कालवाड़ इलाके में शनिवार को चलती कार में आग लग गई। जानकारी के अनुसार कार सवार युवक पोलो खेलने घोड़ा फॉर्म जा रहा था। इस दौरान कार से आग की लपटें उठती देखकर युवक ने ब्रेक लगा कर कार से बाहर छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। लोगों की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। जहां फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया गया। आग लगने से कार पूरी तरह जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई। पुलिस प्रथमदृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगना मान रही है। पुलिस ने बताया कि हादसा में जोधपुर निवासी देवराज सिंह की लग्जरी कार जल गई। शनिवार सुबह वह कालवाड़ से पोलो खेलने के लिए घोड़ा फॉर्म जाने के लिए अपनी कार से निकले थे। जहां रास्ते में गजाधरपुरा सीवरेज प्लांट के पास अचानक चलती कार में आग लग गई। आग की लपटों को उठते देखकर चालक देवराज ने तुरंत ब्रेक लगाए। कार को रोककर बाहर की ओर छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कार में लगी आग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर बिग्रेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। आग से कार पूरी तरह से जलकर कबाड़ में बदल गई। पुलिस ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद वहां लगे जाम को खुलवाया।

आमेर मावठे में मिला युवक का शव

जयपुर । आमेर थाना इलाके में स्थित आमेर मावठा में शुक्रवार देर रात एक युवक का शव दिखाई देने पर पुलिस को जानकारी दी गई। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और सिविल डिफेंस की टीम की मदद से रेस्क्यू शुरू कर शव पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। डिप्टी कंट्रोलर अमित कुमार ने बताया कि मावठा में जहां पर शव मिला वहां जहरीले जानवर होने की सम्भावना पर पहले इलाके को दिखाया गया। इसके बाद एक युवक को नीचे उतार कर शव को बाहर निकाल पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। यह रेस्क्यू सिविल डिफेंस के विजय कुमार भाट, सलमान खान, बंशी गुर्जर, उमेश गुर्जर, हनुमान, मोइनुद्दीन, शंकर लाल टिंकर की मदद से पूरा हो सका। पुलिस ने बताया कि शव 24 घंटे पुराना है और शिनाख्त नहीं हो पाई है। मावठा से शव निकलने पर पुलिस टीम ने सर्च किया लेकिन कोई कागज, मोबाइल आदि नहीं मिला। पुलिस ने शव की फोटो लेकर आसपास के थानों को सूचना दे दी गई है। शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इस सम्बंध में एक मर्ग दर्ज की गई है। परिजनों की तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

लूट के मोबाइल बेचने वाला पकड़ा

जयपुर । विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल छीन कर ओएलएक्स पर बेचने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी पूनम विश्नोई ने बताया कि सिंधी कैंप और आसपास के इलाकों से बाइक से राहगीरों के मोबाइल और पर्स छीन कर ओएलएक्स पर बेचने वाले आरोपी गुरफान, जीशान अंसारी और अरशद को गिरफ्तार किया है और तीनो ही आरोपित बिहार हाल जयपुर के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

कम्प्यूटर उपकरण चुराने वाला दबोचा

जयपुर । मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मालवीय राष्ट्रीय संस्थान में स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की ऑप्टिकल कम्युनिकेशन लैब से कम्प्यूटर उपकरणों की चोरी करने वाला गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से पुलिस ने दो कम्प्यूटर,मदरबोर्ड, लैपटॉप सहित तीन मॉनिटर बरामद किया है। पुलिस के अनुसार चोरी करने वाला और कोई नहीं कॉलेज मे काम करने वाला कर्मचारी निकला। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मालवीय राष्ट्रीय संस्थान में स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की ऑप्टिकल कम्युनिकेशन लैब से कम्प्यूटर उपकरणों की चोरी करने आरोपित कर्मचारी दिलखुश मीना निवासी कानोता जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में मिली जानकारी के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

गड्ढ़े में डूबने से 6 वर्षीय बच्ची की मौत

जयपुर । शिवदासपुरा थाना इलाके में छह वर्षीय बच्ची की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि बच्ची खेलते हुए सौ मीटर दूर घर से दूर छह फीट गहरे गड्ढे तक जा पहुंची और गिर गई। काफी समय तक बच्ची नजर नहीं आने पर परिजनों ने तलाशना शुरू किया। जहां वह गड्ढे में पड़ी मिली। परिजनों ने तुरंत बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उसे तुरंत चाकसू सेटेलाइट हॉस्पिटल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर्स ने चेकअप कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे में बौंली सवाई माधोपुर हाल निवासी शिवदासपुरा के ग्राम थूणी जयलालपुरा धारासिंह की बेटी मुस्कान (6) की मौत हो गई। धारासिंह की बेटी मुस्कान घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान हादसा हो गया। मेडिकल सूचना पर पुलिस हॉस्पिटल पहुंची। परिजनों के पोस्टमार्टम कराने से मना करने पर पंचनामे की कार्रवाई कर शव सौंप दिया।